सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 14 सितम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी और हर संभव निवारण का आश्वासन दिया। राज्यपाल द्वारा राजभवन में पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों सहित अन्य लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु समय–समय पर जन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज दूरस्थ जनपदों उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, पौड़ी आदि जिलों से 7 लोगों द्वारा अपनी–अपनी शिकायतें/समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखी गईं। इस अवसर पर जमीन धोखाधड़ी, रोजगार दिलाए जाने से संबंधित, गांव के विकास कार्यों और आर्थिक सहायता व अन्य प्रकार की समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखी गई। राज्यपाल ने सभी लोगों की शिकायतों/समस्याओं को गंभीरता से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

राज्यपाल ने कहा कि सभी समस्याओं का नियमानुसार यथाशीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने शिकायत निवारण अधिकारी को उक्त समस्याओं हेतु संबंधित जिलाधिकारियों एवं अधिकारियों को तत्काल प्रेषित करते हुए समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि सभी समस्याओं का निश्चित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा।

...........0…………